आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

भाुक्रवार 09.08.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- **देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के लिए देश में हर घर तिरंगा अभियान आज से भाुरू, 15 अगस्त तक चलेगा अभियान।**
- **देहरादून में आयोजित जीएसटी कार्यशाला में व्यापार को सुविधाजनक बनाने सहित विभिन्न विशयों पर लोगों को जागरुक किया गया।**
- **सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच क्षतिग्रस्त राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर जारी।**
- **चमोली के जिलाधिकारी ने भराड़ीसैंण में अधिकारियों के साथ विधानसभा सत्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।**

.....................

## हर घर तिरंगा अभियान

देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के लिए देश में हर घर तिरंगा अभियान आज से शुरू हो गया है, जो 15 अगस्त तक चलेगा। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने लोगों से अनुरोध किया है कि वे घर पर तिरंगा फहरायें और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करें। अभियान के तहत देशभर में दो सौ से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और 13 अगस्त को संसद सदस्य और मंत्री तिरंगा बाइक रैली निकालेंगे। हर घर तिरंगा अभियान वर्ष 2022 में शुरू किया गया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस से पहले अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी प्रोफ़ाइल फोटो तिरंगे में बदल ली। प्रधानमंत्री ने एक संदेश में लोगों को हर घर तिरंगा अभियान को एक बार फिर यादगार जन आंदोलन बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उन्होंने हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपनी सेल्फी साझा कर स्वतंत्रता का जश्न मनाने का आग्रह किया है।

राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान के हिस्से के रूप में भारतीय जनता पार्टी 11 से 13 अगस्त तक प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन करेगी। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने एक वक्तव्य में बताया कि 12 से 14 अगस्त तक सभी स्वतंत्रता सेनानियों और देश के सभी युद्ध स्मारकों पर पुष्पचक्र और पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी।

## भारत छोड़ो आंदोलन

भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी के नेतृत्व में आंदोलन में भाग लेने वाले सेनानियों को आज श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने भारत छोड़ो आंदोलन को स्वाधीनता संग्राम में एक महत्वपूर्ण क्षण बताया है। इस अवसर पर एक वीडियो संदेश में अपने विचार साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि औपनिवेशिक शासन से स्वाधीनता के लिए भारत के संघर्ष में भारत छोड़ो आंदोलन की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## जीएसटी कार्यशाला

वस्तु एवं सेवाकर– जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में लिए गए निर्णयों और केन्द्रीय बजट में प्रस्तावित परिवर्तनों पर राज्य कर विभाग की ओर से आज देहरादून में एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर व्यापार को सुविधाजनक बनाने और जीएसटी के अनुपालन को सुव्यवस्थित करने के विभिन्न उपायों से संबंधित उपबंधों की जानकारी प्रतिभागियों को दी गयी। इस मौके पर प्रदेश के वित्त मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने वर्तमान में कर प्रणाली के प्रशासन में आमूल–चूल परिवर्तन और कर सुधारों में जन भागीदारी बढ़ाने के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से निरंतर व्यापार सुविधा और सरलीकरण संबंधी उपाय किये गए हैं। उन्होंने कहा कि 53वीं जीएसटी परिषद द्वारा की गयी संस्तुतियों और चालू वित्तीय वर्ष के लिए घोषित केन्द्रीय बजट में व्यापार को सुविधाजनक बनाए जाने के प्रयास स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं।

## केदारनाथ कार्य

रुद्रप्रयाग जिले की केदार घाटी में आपदा से कई जगहों पर क्षतिग्रस्त केदारनाथ यात्रा मार्ग का निर्माण और मरम्मत कार्य तेजी से किया जा रहा है। सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग का 150 मीटर हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के कारण आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई थी। इसे आज पैदल यात्रियों और घोड़े–खच्चरों के लिए खोल दिया गया है और सोनप्रयाग व गौरीकुंड के बीच फंसे घोड़े–खच्चरों को सुरक्षित निकाला जा रहा है। क्षतिग्रस्त सड़क मार्ग का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है। पोकलैंड मशीन की मदद से 75 मीटर सड़क की कटिंग कर ली गई है। वहीं, यात्रा मार्ग पर क्षतिग्रस्त स्थानों पर भी मजदूरों द्वारा त्वरित गति से काम किया जा रहा है, ताकि मार्ग पर जल्द से जल्द तीर्थयात्रियों की आवाजाही शुरू हो सके। यात्रा मार्ग के जिन पड़ावों पर पेयजल लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, वहां वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पेयजल आपूर्ति भी सुचारू कर दी गई है।

## पिथौरागढ़ बारिश

पिथौरागढ़ जिले के धारचूला, मुनस्यारी और बंगापानी क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते काली नदी का जल स्तर एक बार फिर से खतरे के निशान के पास पहुंच गया है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने नदी किनारे रहने वाले लोगों को अलर्ट किया है और उन्हें नदियों से दूर रहने की सलाह दी है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेंद्र सिंह महर ने बताया कि जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते एक सीमांत सड़क सहित 20 ग्रामीण सड़के बंद हैं।

## सैनिक कल्याण मंत्री

प्रदेश के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए पूर्व में जारी शासनादेश का पालन करने को कहा है। पत्र में श्री जोशी ने कहा कि राज्य में सेवारत और सेवानिवृत्त सैनिक व उनके आश्रितों की समस्याओं का समयबद्ध व त्वरित निस्तारण किया जाना जरूरी है। इसके लिए उन्होंने प्रत्येक जिले में नामित नोडल अधिकारी की ओर से सुनवाई करने के शासनादेश का पालन करवाने को कहा है। गौरतलब है कि राज्य के सेवारत व सेवानिवृत्त सैनिक कार्मिकों और आश्रित सैनिक परिवारों के हितों के संवर्द्धन के लिए शासन की ओर से मई, 2018 में प्रत्येक जिले के जिलाधिकारी कार्यालय के प्रभारी अधिकारी को सैनिक मामलों के निस्तारण के संबंध में नोडल अधिकारी नामित किए जाने का निर्णय लिया गया था। लेकिन पूर्व सैनिकों की ओर से शिकायत की जा रही है कि सरकार की ओर से शासनादेश जारी के करने के बावजूद भी जिला स्तर पर नामित नोडल अधिकारी उनकी शिकायतों को नहीं सुन रहे हैं, जिस कारण समस्याओं का समाधान समय से नहीं हो पा रहा है।

**विधानसभा सत्र**

चमोली जिले के गैरसैंण के भराड़ीसैंण में आगामी 21 से 23 अगस्त तक विधानसभा का मॉनसून सत्र आहूत होना है। सत्र की तैयारियों को लेकर आज जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने भराडीसैंण में सभी नोडल और वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सत्र की व्यवस्थाओं के लिए नामित सभी नोडल और प्रभारी अधिकारियों को समय पर सभी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने विधानसभा परिसर, वीवीआईपी, वीआईपी व अधिकारियों के आवास और बैरिकेडिंग स्थलों का निरीक्षण भी किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी संवेदनशील स्थलों पर बैरिकेडिंग, वॉच टावर और बैरियर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने दूरसंचार विभाग को विधानसभा भवन, सचिवालय, वीआईपी आवास, मीडिया सेल आदि प्रमुख स्थलों पर वाई–फाई और इंटरनेट की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है।

**पौधरोपण**

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण और कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने आज कोटद्वार के काशीरामपुर तल्ला निकट गुल्लर पुल के समीप 256 बीघा जमीन में हरेला अभियान के अंतर्गत फलदार पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री के आह्वान पर पूरे देश में चल रहे "एक पेड़ मां के नाम" अभियान की प्रशंसा की। इस दौरान उन्होंने कैबिनेट मंत्री से कोटद्वार में उचित गौशाला और आवारा पशुओं से निजात दिलाने का आग्रह भी किया।

**नाग पंचमी**

नाग पंचमी के अवसर पर आज प्रदेश के विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। बागेश्वर जिले में शिव मंदिरों में नाग पंचमी पर भक्तों की कतारे लगी रहीं। कांडा के विजयपुर स्थित धौलीनाग में आस्था का तांता लगा। भक्तों ने इस दौरान पारम्परिक ढंग और विधि विधान के साथ पूजा–अर्चना की और क्षेत्र की सुख और शांति के लिए कामना की।

पंडित मोहन चंद्र लोहनी ने बताया कि श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी मनाई जाती है। स्कन्द पुराण के अनुसार इस दिन नागों की पूजा करने से सारी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।